राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ : बाज़ार

कार्यपत्रक - 12

1. अर्थशास्त्र में, बाजार की अवधारणा को एक ऐसा तंत्र माना जाता है जिसके माध्यम से उपभोक्ता और उत्पादक किसी वस्तु की कीमत और मात्रा निर्धारित करने के लिए एक दूसरे के साथ संवाद करते हैं। इस कथन के आलोक में बाजार की विभिन्न विशेषताओं की सूची बनाइए।

2. "भारत सरकार एकमात्र प्राधिकरण है जो देश में रेलवे नेटवर्क के कामकाज को नियंत्रित कर सकती है"। इस कथन को ध्यान में रखते हुए, एकाधिकार की विभिन्न विशेषताओं की सूची बनाइए।

3. "एक एकाधिकारी हमेशा किसी वस्तु के लिए उच्च कीमत वसूल कर सकता है"। कथन के विरुद्ध या पक्ष में तर्क दीजिए।

4. "एकाधिकार बाजार संरचना को वास्तविक बाजार स्थिति माना जाता है"। उदाहरण सहित कारण दीजिए।

5. आप किस आधार पर कह सकते हैं कि पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में फर्म का मुक्त प्रवेश और निकास बाजार संरचना की एक सामान्य विशेषता है? विवेचना कीजिये ।

6. हाल के वर्षों में, उचित वितरण चैनल के माध्यम से ग्राहकों को सामान और सेवाएं आसानी से उपलब्ध होता है। कथन के प्रकाश में वितरण चैनल के चरणों की व्याख्या कीजिये ।

7. समय के साथ, ऑनलाइन खरीदारी एक बेहतरीन विकल्प बन चुका है। कथन के आधार पर ऑनलाइन खरीदारी के विभिन्न लाभों की सूची बनाइए।

8. हम जानते हैं कि वास्तविक दुनिया में पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार नहीं मिलता है लेकिन अर्थव्यवस्था की बाजार संरचना को समझने के लिए ऐसे बाजार के सैद्धांतिक आधार की आवश्यकता होती है। इस कथन को अपने विचार में रखते हुए पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार की विभिन्न विशेषताओं की सूची बनाइये ।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ : बाज़ार

कार्यपत्रक - 12

9. क्या ऑनलाइन खरीददारी हमारे देश की विविध आबादी के लिए प्रासंगिक हो सकती है? इस संदर्भ में अपनी राय दीजिये ।

10. आम तौर पर, यह देखा गया है कि निजी क्षेत्र सरकार द्वारा एकाधिकार शक्ति के लिए सीमित हैं। इस अवलोकन का कारण दीजिए।